## थाना कबरई पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 06 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में अवैध रुप से संचालित जुआ/सट्टा के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 22.05.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश के निकट पर्यवेक्षण में थाना कबरई पुलिस टीम को उस समय एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई, जब प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 रामचन्द्र मय हमराह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्ते से हारजीत की बाजी लगा कर रुपये से जुआ खेल रहे 06 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1. श्यामबाबू पुत्र जगदीश प्रसाद उर्फ विक्कू उम्र 22 वर्ष 2. रविकुमार पुत्र बडे अहिरवार उम्र 24 वर्ष 3. विरेन्द्र कुमार पुत्र रामकरन अहिरवार उम्र 24 वर्ष 4. शैलेन्द्र कुमार पुत्र राकेश अहिरवार उम्र 21 वर्ष 5. नीतिन गौतम पुत्र जयकरन सिंह उम्र 20 वर्ष 6. पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार उम्र 28 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम सिचौरा थाना कबरई जनपद महोबा, जिनको थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सिचौरा थाना कबरई जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से माल फड 4800 रुपये व जामा तलाशी के कुल 1150 रुपये व 52 अदद ताश पत्ते बरामद हुये। बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 119/2023 धारा 13 जी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

**1.** उ0श्री रामचन्द्र 0नि0

**2.** कां अवनेश कुमार 0 **3.** कां राहुल रंजन 0

## बरामदगी-

माल फड़ - 4800 रुपये, जामा तलाशी के - 1150 रुपये, 52 अदद ताश के पत्ते



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 23.05.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा
उत्तर प्रदेश पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपद अवस्थित विभिन्न बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा-

आज दिनांक 23.05.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र सहित समस्त जनपद महोबा पुलिस द्वारा नगर/ग्रामीण क्षेत्र की बैंकों तथा एटीएम व अन्य वित्तीय संस्थानों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, इस दौरान विभिन्न राष्ट्रीकृत बैंकों के अलावा ग्रामीण बैंकों का दौरा कर उनकी आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा का जायजा लिया गया, सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा गार्डों और एटीएम के गार्डों के संबंध में न केवल आवश्यक निर्देश दिये गये बल्कि सीसीटीवी कैमरों को हर समय चालू रहना भी सुनिश्चित करने को कहा गया, सभी शाखा प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि वह प्रमाणित सुरक्षा एजेंसियों के गार्ड और अच्छे शस्त्रों सहित सुरक्षा को प्राथमिकता दें।









## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रतिदिन की भाति पुलिस कार्यालय, महोबा में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 23.05.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 23.05.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

**शासन स्तर से प्रचलित विभिन्न अभियानों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा सम्बन्धित थाना प्रभारियों एवं पैरोकारों के साथ गोष्ठी की गयी, प्रचलित अभियानों की बिन्दुवार समीक्षा कर दिये गये आवश्यक निर्देश।**

आज दिनांक 23.05.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा के समस्त क्षेत्राधिकारीगण क्रमशः क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र द्वारा उ0प्र0 शासन एवं उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय स्तर से प्रचलित विभिन्न अभियानों (15 दिवसीय) के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल के थाना प्रभारियों एवं पैरोकारों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शासन स्तर से निर्गत निर्देशों के सम्बन्ध में बिन्दुवार समीक्षा कर प्रचलित अभियानों के अन्तर्गत अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये, साथ ही साथ सभी क्षेत्राधिकारियों द्वारा सर्किल के थानों के पैरोकारों को न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर समस्त साक्ष्यों को समय से उपलब्ध करा अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दिलाये जाने के निर्देश दिये गये ।








उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 23.05.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग की गयी, पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में एंव अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री सत्यम के निकट के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 23.05.2023 को जनपद में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायंकालीन पैदल गश्त की जा रही है ।

पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो,चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई।

पैदल गस्त के दौरान अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश व आम जन को आश्वस्त कराया गया कि जनपद महोबा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन में 130 वाहनों के ई-चालान किये गये।







महोबा पुलिस